पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-12 सोमवार, दिनांक-12 मार्च, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 12 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(iv) 54 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री कुमार शैलेन्द्र

(ii) श्री रामनरेश प्रसाद यादव

(iii) श्रीमती मुन्नी देवी

(iv) श्री विनोद प्रसाद यादव

(v) श्री गजानन शाही

(vi) श्री राजकुमार राय

(vii) श्री बीरेन्द्र सिंह

(viii) श्री प्रदीप कुमार

(ix) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(x) श्रीमती लेशी सिंह

(xi) श्री विनय कुमार सिंह

(xii) श्री रामदेव महतो

[3] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री रत्नेश सादा एवं अन्य सभासदों का अनुसूचित जाति / जनजाति कल्याण विभाग से संबंधित दिनांक 23 एवं 28 फरवरी, 2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री मनीष कुमार एवं अन्य सभासदों का पर्यटन विभाग से संबंधित दिनांक 23 एवं 28 फरवरी, 2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर दिनांक 14.03.2012 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(iii) माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दिनांक 24 फरवरी एवं 6 मार्च 2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का मंत्रिमंडल सचिवालय (नागरिक उड्डयन) विभाग से संबंधित दिनांक 24 फरवरी एवं 6 मार्च 2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा दिया गया ।

(v) माननीय सदस्य श्री उमाकांत यादव का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित दिनांक 5 मार्च 2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर अगली तिथि तक के लिए स्थगित हुआ ।

(vi) माननीय सदस्य श्री राजेश्वर राज एवं अन्य सभासदों का श्रम संसाधन / उद्योग विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर अगली तिथि तक के लिए स्थगित हुआ ।

(vii) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों का वित्त विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर अगली तिथि तक के लिए स्थगित हुआ ।

[4] <u>वित्तीय कार्य</u> :-

(i) **वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी का उपस्थापन** :-

माननीय मंत्री वित्त विभाग श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी को सदन पटल पर उपस्थापित किया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

(4) (ii) वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान :-

ग्रामीण कार्य विभाग :-

माननीय प्रभारी मंत्री श्री भीम सिंह द्वारा विभाग की अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार राय द्वारा राज्य सरकार की ग्रामीण कार्य नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री अशोक कुमार सिंह

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री मोतीलाल प्रसाद
(iii) श्री उमाकांत यादव
(iv) श्रीमती रंजू गीता
(v) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(vi) श्री मनीष कुमार
(vii) श्री पवन कुमार जायसवाल
(viii) श्री जितेन्द्र कुमार

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(ix) डा० मो० जावेद
(x) डा० अच्युतानन्द

माननीय प्रभारी मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल द्वारा अपने विभाग का पक्ष रखा गया ।

माननीय प्रभारी मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार राय का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

(सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये ।)

[5] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 30 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 13 मार्च, 2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-12.03.2012

लक्ष्मीकान्त झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।